Regarding need to confer Bharat Ratna upon Baba Jyotirao Phule and Savitri Bai Phule and observe birthday of Savitri Bai Phule as Mahila Shikshika Diwas-laid

डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं) : मैं पूर्व में सरकार से महिलाओं में शिक्षा की ज्योति प्रज्वलित करने वाली, बालिकाओं के लिए प्रथम स्कूल की स्थापना करने वाली माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती को महिला शिक्षिका दिवस के रूप मे मनाए जाने की मांग कर चुकी हूँ, लेकिन जब इस देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने बीते 31 दिसम्बर 2023 को मन की बात कार्यक्रम में माता सावित्री बाई फूले जी की चर्चा करते हैं तो मन में एक बार पुनः इस मांग की जिज्ञासा जाग गई कि शायद अब कुछ हो सकता है । जिज्ञासा इसलिए भी जगी क्यूंकि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में लगातार चाहे वह समाज सुधारक हो या महापुरुष रहे हो उनको सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है और आपके ही नेतृत्व में महिलाओं को भी नारी शक्ति वंदन के माध्यम से उनको भी हक और अधिकार की बात करने का मौका मिला है इसलिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि 3 जनवरी माता सावित्री बाई फुले जी की जयंती को महिला शिक्षिका दिवस के रूप में मनाया जाये और माता सावित्री बाई फुले एवं बाबा ज्योतिराव फुले जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए ।